DAINIK BHASKAR, Kanpur, 13.8.2017
Page No. 13, Size:(19.06)cms X (9.45)cms.

मुस्लिम महिला पर्सनल बोर्ड ने पीएम को सौंपा 'आदर्श निकाहनामा' कहा- इसे आधार कार्ड से जोड़ा जाए ताकि तलाक व निकाह में धोखाधड़ी न हो

लखनऊ | ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड ने आदर्श निकाहनामा पीएम मोदी को सौंप दिया है। दरअसल मुस्लिम महिलाओं के साथ तलाक और निकाह में होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए आदर्श निकाहनाम तैयार किया गया है। इसमें बोर्ड ने एक नियम बढ़ाया है जिसमें कहा गया है कि निकाहनामा को आधार कार्ड से जोड़ा जाना चाहिए। ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्होंने मुस्लिम महिलाओं द्वारा समय-समय पर निकाहनामे में बदलाव की मांग थी। जिस पर काफी समय से नए निकाहनामे का प्रारूप तैयार कर लिया गया है।